ाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

LiFE Lifestyle for Environment

मुख्यालय

उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

"गौरा देवी पर्यावरण भवन"

46बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
E-mail: msukpcb@yahoo.com, दूरभाषः 0135–2607092

दिनांक 15.06.2024

पत्रांक – यू.के.पी.सी.बी. / एच.ओ. / एन.ओ.सी.–652 / 2024 / 334

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये सूचना

मै0 उत्तरांचल इस्पात प्रा0लि0, प्लाट नं०–डी–1 से डी–8, पिपलिया इंडस्ट्रियल एस्टेट, ग्राम जगन्नाथपुर, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर द्वारा 29,000 टी०पी०ए० से 2,20,000 टी0पी0ए0 बिलेट्स / सिल्लियां और 54,000 टी0पी0ए0 से 2,20,000 टी0पी0ए0 एम0एस0 बार्स / रोल्ड उत्पादों की क्षमता वाले बिलेट्स और रोलिंग मिल उत्पाद के विनिर्माण सहित संयंत्र के विस्तार के लिए पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का प्रस्ताव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के लिये पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार (MoEF&CC) द्वारा Terms of Reference निर्धारित किये गये हैं, जिनके अन्तर्गत प्रस्तावक के द्वारा ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं पर्यावरण प्रबन्धन योजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथासंशोधित) के अनुसार उक्त प्रकार की परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व लोक सुनवाई का प्राविधान है, जिस हेतु 30 दिनों का नोटिस समाचार पत्रों के माध्यम से जन साधारण के संज्ञानार्थ दिया जाना आवश्यक है। लोक सुनवाई हेतु "पैनल" की संरचना उक्त अधिसूचना के अनुरूप निम्नवत् हैः–

1. जिलाधिकारी, जनपद ऊधमसिंहनगर या उनके द्वारा नामित / अधिकृत प्रतिनिधि जो जिला स्तरीय अधिकारी हो – लोक सुनवाई के अध्यक्ष।
2. उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।

प्रस्ताव से सम्बन्धित जमा समस्त अभिलेख (i) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25–सुभाष रोड, देहरादून (ii) मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरा देवी पर्यावरण भवन, 46–बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चामुण्डा काम्पलैक्स, रामनगर रोड, काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर (iv) कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर (v) कार्यालय, जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर (vi) जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंहनगर में उपलब्ध हैं, जिनका कोई भी इच्छुक संस्था / व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं सारांश की प्रति **www.ueppcb.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

मै0 उत्तरांचल इस्पात प्रा0लि0, प्लाट नं0–डी–1 से डी–8, पिपलिया इंडस्ट्रियल एस्टेट, ग्राम जगन्नाथपुर, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर द्वारा 29,000 टी0पी0ए0 से 2,20,000 टी0पी0ए0 बिलेट्स / सिल्लियां और 54,000 टी0पी0ए0 से 2,20,000 टी०पी०ए० एम०एस० बार्स / रोल्ड उत्पादों की क्षमता वाले बिलेट्स और रोलिंग मिल उत्पाद के विनिर्माण सहित संयंत्र के विस्तार के लिए पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई **दिनांक 18.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे से** परियोजना स्थल में तत्समय कोविड–19 के संदर्भ में विद्यमान SoP के अधीन सोशल डिस्टेसिंग, आवश्यक रूप से मास्क का प्रयोग, थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंडवाश व सेनेटाइजर तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के साथ निर्धारित की जाती है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित परियोजना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अपने मौखिक, लिखित, सुझाव, टीका टिप्पणियाँ एवं आपत्तियाँ इस कार्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चामुण्डा काम्पलैक्स, रामनगर रोड, काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर में इस सूचना से सम्बन्धित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं अथवा लोक सुनवाई के समय भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

सदस्य सचिव
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

Hindustan Times 16/6/2024